## सार-समाचार

### तेल चोरी के मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

**जोधपुर**, (कासं) । जोधपुर पुलिस कमिश्नरेट की जिला पश्चिम टीम ने तेल चोरी के मामले में कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। मौके से तेल चोरी करते हुए तेल से भरे टैंकर को जब्त किया गया है। फिलहाल पुलिस दोनों आरोपियों से पूछताछ कर रही है। डीसीपी वेस्ट ने बताया कि 21 दिसंबर को विशेष टीम की सूचना पर विवेक विहार थाना प्रभारी लक्ष्मी के नेतृत्व में टीम ने मोगरा सरहद में दबिश दी जहां चोरी छिपे डीजल बेचा जा रहा था टीम राजूराम के बारे में पहुंची तो वहां अवैध रूप से टैंकर से तेल चोरी करते हुए पाया गया इस पर रसद विभाग को बुलाकर कार्रवाई की गई मौके से बड़ा संचालक राजूराम (30) पुत्र देवाराम पटेल निवासी मोगड़ा कला व टैंकर चालक कलवंत नाथ (45) पुत्र हनुमत नाथ निवासी बांगासर पुलिस थाना पल्लू जिला हनुमानगढ़ को दस्तयाब किया गया और मौके से तेल से भरे टैंकर को जब्त कर थाने लाया गया। वहीं जिला रसद अधिकारी की रिपोर्ट पर मामला दर्ज किया गया है। गौरतलब है कि विवेक विहार थाना क्षेत्र में कई जगह पर अवैध तरीके से तेल के टैंकरों से डीजल निकाल कर बेचा जा रहा है। इसको लेकर पूर्व में भी कई मामले सामने आ चुके हैं। एक बार इसी तरह से तेल टैंकर से तेल चोरी करने के दौरान हादसा भी हो चुका है।

### कृष्णानन्द की मूर्ति का अनावरण कल

**जोधपुर**, (कासं) । स्वामी कृष्णानन्द (प्रोफेसर जे. के. व्यास) के जन्म शताब्दी पर सिटिजन्स सोसायटी फॉर एज्यूकेशन व जयनारायण व्यास शिक्षण संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में महिला पी.जी. महाविद्यालय परिसर में स्वामी कृष्णानन्दजी की मूर्ति का अनावरण राजस्थान के राज्यपाल एवं जयनारायण व्यास विश्वविद्यालय के कुलाधिपति हरिभाऊ बागड़े मंगलवार, 24 दिसम्बर को प्रातः 11.30 बजे करेंगे। सिटिजन्स सोसायटी के अध्यक्ष एवं कार्यक्रम संयोजक किशन गोपाल जोशी ने बताया कि महामण्डलेश्वर सोमेश्वर गिरी जी महाराज के सांनिध्य में आयोजित इस कार्यक्रम में मूर्ति अनावरण के साथ एक स्मारिका 'गुरू स्मरण' का लोकार्पण तथा जीवन के 75 बसन्त पार कर चुके वरिष्ठजनों का ऋषि परम्परानुसार वय गरिमा सम्मान भी आयोजित किया जाएगा। भारत सरकार के संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत की अध्यक्षता में होने वाले इस समारोह में राज्यसभा सांसद राजेन्द्र गहलोत, संसदीय कार्य एवं विधि मंत्री जोगाराम पटेल, विधायक पब्बाराम विश्नोई, भैराराम सियोल, बाबूसिंह राठौड़, देवेन्द्र जोशी, अर्जुनलाल गर्ग, अतुल भंसाली तथा श्रीमती गीता बरबड़ विशिष्ठ अतिथि होंगे।

### नाबालिग की मौत, पिता ने जांच मांगी

**पाली**, (नि.सं.)। पाली में ननिहाल में रह रही एक 16 साल की नाबालिग बालिका की संदिग्धाहालत में मौत हो गई। मृतका के पिता ने अपनी ही एक रिश्तेदार महिला पर बेटी की हत्या का आरोप लगाते हुए पुलिस को रिपोर्ट दी। ऐसे में मेडिकल बोर्ड से मृतका की बॉडी का पोस्टमार्टम करवाया जा रहा है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। शिवपुरा थाने के ने बताया कि उतवण गांव निवासी ताराराम पुत्र पेमाराम ने रिपोर्ट दी। जिसमें बताया कि उनकी बेटी कुसुम जब दो साल की थी तब से जाडन अपने मामा गोविंद के यहां रह रही है। वर्तमान में उसकी उम्र करीब 16 साल है। शनिवार दोपहर को उनके साले गोविंद का फोन आया तब बताया कि कुसुम सीढ़ियों से नीचे गिर गई। जिससे उसकी मौत हो गई। रिपोर्ट में बताया कि कुछ रिश्तेदारों को साथ लेकर जाडन गया तो देखा कि चौक में कुसुम की बॉडी पड़ी है और गले में उसके निशान है। इस पर साले गोविंद की पत्नी से पूछा तो उसने बताया कि कुसुम ने फंदा लगाकर आत्महत्या की। रिपोर्ट में बताया कि उसे फंदे पर लटकते हुए किसी ने नहीं देखा। मृतका के पिता ने रिपोर्ट में आरोप लगाया कि उसकी नाबालिग बेटी की हत्या का उसे आत्महत्या बताया जा रहा है। ऐसे में पुलिस मेडिकल बोर्ड से पाली के बांगड़ हॉस्पिटल से मृतका की बॉडी का पोस्टमार्टम करवा रही है। ताकि मृतका की मौत् की असली वजह सामने आ सके।

### मेहनत से सफलता मिलती है : सोहनलाल

**गुड़ामालानी** , (कासं)। मुख्यालय पर स्थित राजकीय महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत चल रहे सात दिवसीय विशेष शिविर के तृतीय दिवस स्वयंसेवकों एवं स्वयंसेविकाओं ने श्रमदान करते हुए महाविद्यालय परिसर की सफाई की एवं कंटीली झाडियां तथा बबूल आदि काटकर महाविद्यालय को स्वच्छ किया। कार्यक्रम अधिकारी दिनेश खिलेरी ने बताया कि दोपहर में स्वयंसेविकाओं ने खेल प्रतियोगिता में भाग लिया एवं दोपहर पश्चात बौद्धिक सत्र का आयोजन हुआ जिसमें स्वयंसेविकाओं को समाज सेवा एवं राष्ट्र सेवा के माध्यम से किए जाने वाले स्वयंसेवकों के दायित्वों को राष्ट्रीय सेवा योजना के लक्ष्यों को ध्यान में रखकर अवगत कराया गया। प्राचार्य डॉ सोहनलाल ने कहा कि मेहनत से किए गए कार्य से सफलता हासिल होती है । इस अवसर पर महाविद्यालय प्राचार्य डॉक्टर सोहनलाल, विद्या संबल योजना के सहायक आचार्य खीमवन, होशियार सिंह, राकेश कुमार ,प्रयोगशाला सहायक प्रतापाराम एवं कंप्यूटर ऑपरेटर जेठाराम और एनएसएस के स्वयंसेवक एवं स्वयं सेविकाएं उपस्थिति रही।

### अवैध बजरी खनन पर संयुक्त अभियान

**जोधपुर**, (कासं) । जोधपुर पुलिस कमिश्नरेट की पुलिस ने एरिया डोमिनेशन अभियान के तहत पुलिस थाना लूणी व विवेक विहार क्षेत्र में अवैध बजरी खनन करने को लेकर जॉइंट ऑपरेशन चलाया। इस ऑपरेशन के दौरान 14 को गिरफ्तार किया गया। वहीं 10 डंपर और एक जेसीबी को जब्त किया गया। बता दें कि एक दिन पहले ही शनिवार को अवैध डंपर का पीछा करने के दौरान पुलिस की गाड़ी को कट मार दिया गया। इसके चलते उसमें सवार एस आई सुलोचना सहित पुलिसकर्मी घायल हो गए थे। इस मामले में पुलिस की काफी किरकिरी हुई। इसके बाद पुलिस एक्शन में नजर आई। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने अवैध बजरी खनन के काम में लिप्त 10 जनों को गिरफ्तार किया। जबकि 6 डंपर और एक जेबीसी इके खिलाफ 138 पुलिस एक्ट की कार्रवाई की गई। वहीं दो डंपरों के खिलाफ 207 एमवी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। विवेक विहार थाना पुलिस ने अवैध बजरी परिवहनथ और खनन में शामिल चार जनों को गिरफ्तार किया। वहीं दो डंपरों के खिलाफ 207 एमवी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। पिछले साल दिसंबर तक अवैध खनन के 29 मामले दर्ज हुए थे, जबकि इस साल अब तक 89 मामले दर्ज हो चुके हैं।

### जलदाय अधिकारियों ने दौरा किया

**पोकरण**, (निसं)। जन स्वा. अभि.विभाग के विभाग के अधिकारियों द्वारा शहर के छंगाणीयों की गली, मीठा बास, पुरोहितों की गली एवं विभिन्न गली मोहल्ले में दौरा कर शहरकी जल आपूर्ति व्यवस्था को लेकर के निरीक्षण किया। जलदाय विभाग के एक्सईएन जेराराम ने बताया कि इस दौरान शहर में हो रही जलापूर्ति की व्यवस्था के बारे में उपभोक्ताओं से आपूर्ति की व्यवस्था के बारे में जानकारी ली, जो मौके पर उपभोक्ता में कहा कि जलापूर्ति अच्छी हो रही है, लेकिन जगह-जगह पर पाइपलाइन लीकेज को लेकर शिकायतकर्ता ने शिकायत करते हुए बताया कि जलदाय विभाग की पाइपलाइन लीकेज होने के कारणगली मोहल्ले में कीचड फैलता है। इस दौरान कनिष्ठ अभियंता संजय सोमरा (कार्यकारी सहायक अभियंता), मंसूर अली उपस्थित रहे।

### पोषण मेला पर उमडेगी भीड

**धोरीमन्ना**, (कासं)। धोरीमन्ना में धूलेश्वर महादेव मंदिर में सोमवती अमावस्या व पोषण मेला में श्रद्धालुओं की भीड उमडेगी। मेला, धोरीमना कस्बे में पहाड़ी के उपर मंदिर धूलेश्वर माहदेव मंदिर में 29 दिसंबर रविवार रात्रि में जागरण व 30 दिसंबर को सोमवती अमावस्या के अवसर पर मेला लगेगा मंदिर महन्त प्रेम पुरी,माहराज ने बताया कि सोमवती अमावस्या पर चौहटन में अर्ध कुंभ मेला लगेगा उसी तरह धोरीमन्ना में भी पोषण मेला लगेगा व धोरीमन्ना सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों श्रद्धालुओं का सैलाब उमडेगा। श्रद्धालु पवित्र जल से स्नान करेंगे व मंदिर में दर्शन लाभ व प्रसाद चढाएंगे। धोरीमना में हाल ही राजस्थान सरकार में मंत्री केके बिश्नोई ने धोरीमना में धूलेश्वर मंदिर विकास को लेकर बजट घोषणा में पर्यटक क्षेत्र व मंदिर तक पहुंचने के लिए सड़क निर्माण की घोषणा हुई है।

### देवेंद्र भंडारी पुस्तक विक्रेता संघ के अध्यक्ष

**भीनमाल**, (निसं)। स्थानीय पुस्तक विक्रेता संघ की बैठक एक निजी होटल में संपन्न हुई। बैठक में पुस्तक विक्रेता संघ की कार्यकारिणी का गठन का सर्व समिति से किया गया। संस्था संरक्षक के रूप में सोहनलाल जाट, सह संरक्षक प्रवीण जोशी, अध्यक्ष देवेंद्र भंडारी, सचिव अशोक दुआ व लेखराज जैन को कोषाध्यक्ष पद पर मनोनीत किया गया। बैङ्गक में रमेश कुमार, विनोद कुमार, भरत कुमार, कमलेश कुमार सहित अन्य पुस्तक विक्रेता उपस्थित रहे।

# लोक अदालत को लेकर 9 बैंच का गठन कर कई मामले निपटाए

**जालोर**, (कासं)। राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जालोर के तत्वावधान में रविवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष एवं जिला न्यायाधीश हारून के निर्देशन में जिले के न्यायालयों में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया।



जालोर में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में लोक अदालत में राजीनामा की भावना से कई प्रकरणों का निस्तारण हुआ। फोटो-राष्ट्रदूत

लोक अदालत के दौरान न्यायालयों में पक्षकारान की आपसी सहमति से प्रकरणों का निस्तारण किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश अहसान अहमद ने बताया कि लोक अदालत को लेकर 9 बैंचों का गठन किया गया। उन्होंने बताया कि लोक अदालत को लेकर जिले भर में न्यायालयों में दिनभर पक्षकारों की भीड रही। जिला मुख्यालय पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में विभिन्न बैंकों, विद्युत निगम एवं जलदाय विभाग के प्री लिटिगेशन के प्रकरणों के निस्तारण के लिए लोगों की भारी भीड उमड पडी। यहां पर बैंकों की ओर से बकाया राशि जमा करवाने पर छूट देने से लोगों को काफी फायदा हुआ। कई लोगों को बकाया राशि में अधिक छूट मिलने से लोगों ने दुआएं भी दी और जिला विधिक सेवा प्राधिकरण का आभार जताया। सचिव ने लोक अदालत में प्रकरणों के निस्तारण में सहयोग देने पर बार एसोसिएशन के अधिवक्ताओं, पैनल अधिवक्ताओं, राजस्व न्यायालयों के अधिकारियों का आभार जताया है।

लोक अदालत के दौरान पक्षकारों के बकाया संबंधी प्रकरणों में बैंकों की ओर से भारी छूट दी गई तो लोगों ने खूब दुआएं दी। जिला मुख्यालय पर प्री लिटिगेशन के प्रकरणों की बैंच में आरएमजीबी बैंक सुराणा शाखा में छोगाराम के 3 लाख 15 हजार रूपए बकाया था, जिस पर सुराणा निवासी मथरा पत्नी छोगाराम ने अनुरोध किया कि उसके पति बीमार है और वे इतनी राशि भरने में सक्षम नहीं है तो सचिव अहसान अहमद ने समझाइश कर 1 लाख 70 हजार रूपए में प्रकरण का निस्तारण करवाया। इसी प्रकार जालोर निवासी मनोहर कुमार के जिम्मे 2 लाख 51 हजार से अधिक राषि बकाया थी जिस पर 1 लाख रूपए में समझौता किया गया। इसी प्रकार आईडीबीआई बैंक के प्रकरण में मुकेश कुमार के जिम्मे 97 हजार 639 रूपए बकाया था जिस पर 20 हजार रूपए में समझौता किया गया। इसी प्रकार जैतपुरा निवासी हरिराम के जिम्मे 1 लाख 32 हजार 263 रूपए बकाया थे जिस पर 34 हजार रूपए में समझौता हुआ।

राष्ट्रीय लोक अदालत में जिला मुख्यालय पर जिला न्यायालय, एमएसीटी, पारिवारिक न्यायालय, अपर जिला एवं सेशन न्यायालय जालोर, उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग के लिए जिला एवं सेशन न्यायाधीश हारून की अध्यक्षता में बेंच गठित की गई। इसी प्रकार मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट जालोर, एसीजेएम संख्या 1 व 2, न्यायिक मजिस्ट्रेट जालोर के लिए अतिरिक्त मुख्य मजिस्ट्रेट संख्या 2 अंकित दवे की अध्यक्षता में, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के प्री लिटिगेशन के प्रकरणों एवं जालोर व सायला के राजस्व न्यायालयों के प्रकरणों के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव अहसान अहमद की अध्यक्षता में, जेएम कोर्ट आहोर एवं आहोर उपखण्ड के राजस्व प्रकरणों के लिए न्यायिक मजिस्ट्रेट आहोर सुधीर चौहान की अध्यक्षता में बेंच गठित की गई। इसी प्रकार भीनमाल मुख्यालय पर अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश भीनमाल के प्रकरणों, उपखण्ड भीनमाल व जसवंतपुरा के प्रकरणों के लिए अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश भीनमाल राजेन्द्र साहू की अध्यक्षता में, एसीजेएम कोर्ट भीनमाल, जेएम कोर्ट भीनमाल के प्रकरणों के लिए एसीजेएम भीनमाल महेन्द्र कुमार टांक की अध्यक्षता में बेंच गठित की गई। इसी प्रकार सांचोर मुख्यालय पर एडीजे कोर्ट सांचोर व चितलवाना, बागोडा, सांचोर के राजस्व न्यायालयों के प्रकरणों के लिए अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश ललित पुरोहित की अध्यक्षता में, एसीजेएम, जेएम कोर्ट, ग्राम न्यायालय के प्रकरणों के लिए एसीजेएम श्याम सुंदर की अध्यक्षता में बेंच गठित की गई। इसी प्रकार तालुका मुख्यालय रानीवाडा में न्यायिक मजिस्ट्रेट भीनमाल मदन सिंह चौधरी की अध्यक्षता में बेंच गठित की गई।

# नेवरी, थोब, फुलन, राखी एवं मोकलसर में शिविर लगे

**बालोतरा**, (निसं)। जिले में सुशासन सप्ताह के अंतर्गत प्रशासन गांवों की ओर अभियान के तहत रविवार को विभिन्न ग्राम पंचायतों में शिविरों का आयोजन किया गया।

अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी भुवनेश्वर सिंह चौहान ने जानकारी देते हुए बताया कि रविवार को बायतु पंचायत समिति की ग्राम पंचायत नरसाली नाडी, कोलू, पनावडा, अकदडा, खोथों की ढाणी, गिड़ा पंचायत समिति की ग्राम पंचायत मानपुरा खारडा, दानपुरा, सोहडा, निम्बा की ढाणी, कानोड, मेघवालों की बस्ती, कल्याणपुर पंचायत समिति की ग्राम पंचायत नेवरी, थोब, छाछरलाई कलां, तिरसिंगडी सोढा, समदडी पंचायत समिति की ग्राम पंचायत लालाना, मजल, फुलन, राखी सिवाना की ग्राम पंचायत ईटवाया, पंउ, धारणा, मिठौडा, मोकलसर, मोतीसरा, मवडी, बालोतरा में ग्राम पंचायत पारलू, सराणा, रामसीन, नेवाई और जानीयाना में प्रशासन गांवों की ओर अभियान के तहत शिविरों का आयोजन किया गया।

उन्होंने बताया कि समदडी पंचायत समिति की ग्राम पंचायतों में आयोजित शिविरों में संपर्क पोर्टल के 14 परिवाद, लोक सेवाओं के प्रदान की गारंटी अधिनियम के तहत 47 परिवाद, जनसुनवाई एवं अन्य लोक शिकायतें के 2० परिवादों का निस्तारण कर राहत देने का कार्य किया गया।

सिवाना पंचायत समिति में आयोजित शिविरों में संपर्क पोर्टल के 5 परिवाद, लोक सेवाओं के प्रदान की गारंटी अधिनियम के तहत 8 परिवाद, जनसुनवाई एवं अन्य लोक शिकायतें के 14 परिवादों का निस्तारण कर राहत देने का कार्य किया गया।

# भगवान महावीर के अहिंसा दर्शन पर गोष्ठी आयोजित

**भीनमाल**, (निसं)। अखिल भारतीय साहित्य परिषद जालोर इकाई व जैन संघ के संयुक्त तत्वाधान में जिला मुख्यालय पर स्थित ईश्वरलाल शर्मा सभागार में रविवार को भगवान महावीर के अहिंसा दर्शन की प्रासंगिकता पर विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया।


विचार गोष्ठी में मंच पर वरिष्ठ अधिवक्ता मधुसूदन व्यास, अखिल भारतीय साहित्य परिषद के प्रदेश उपाध्यक्ष परमानंद भट्ट, लायंस क्लब के अध्यक्ष कालुराज मेहता, वरिष्ठ शिक्षा विद मूलराज भण्डारी व सीनियर सिटीजन फोरम के अध्यक्ष ऋषि कुमार दवे मौजूद रहे। गोष्ठी का आरंभ जैन संघ के विकास बोहरा ने स्वागत भाषण देकर किया। जिसके बाद वरिष्ठ साहित्यकार अचलेश्वर आनंद ने विभिन्न ऐतिहासिक प्रसंगों को सुनाते हुए विषय पर प्रकाश डाला। वरिष्ठ शिक्षाविद ओमप्रकाश खंडेलवाल ने महावीर के दर्शन को गहराई से समझाते हुए उनकी वर्तमान में प्रासंगिकता को समझाया। ललित दवे ने अहिंसा का मानव जीवन में महत्व समझाया। इसी म में मदनराज बोहरा ने महावीर के विराट व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला। कांतिलाल भंडारी ने महावीर के दर्शन का दैनिक जीवन में महत्व समझाया।

राजेंद्र बोहरा ने महावीर के व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डाला। धनपत मुथा ने भी अपने विचार व्यक्त किए। अधिवक्ता मधुसूदन ने कहा कि महावीर की अहिंसा विचार की अहिंसा नहीं व्यवहार की अहिंसा है। परमानंद भट्ट ने कहा कि अहिंसा सबसे बड़ी वीरता है।

कालूराज मेहता ने रात्रि भोजन के निषेध की वैज्ञानिकता पर बात रखी। मूलराज भण्डारी ने भगवान महावीर को वीरों का वीर बताया व कार्यक्रम के अंत में सीनियर सिटीजन फोरम के अध्यक्ष ऋषि दवे व अखिल भारतीय साहित्य परिषद के जिलाध्यक्ष अश्विन श्रीमाली द्वारा धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

कार्यक्रम का संचालन अधिवक्ता कुलदीप खंडेलवाल द्वारा किया गया। कार्यक्रम के मीडिया प्रभारी माणकमल भंडारी ने बताया कि इस अवसर पर कानाराम परमार, देवेन्द्र नाग, भंवरसिंह सोलंकी, सांवलाराम माली सहित जालोर के प्रबुद्ध जन मौजूद रहे।

# डुडसी में क्षत्रिय युवक संघ का स्थापना दिवस मनाया



क्षत्रिय युवक संघ का स्थापना दिवस समारोह पूर्वक बायोसा माताजी मन्दिर प्रांगण डुडसी में मनाया। फोटो-राष्ट्रदूत

**जालोर**, (कासं)।श्री क्षत्रिय युवक संघ का स्थापना दिवस रविवार को समारोह पूर्वक बायोसा माताजी मन्दिर प्रांगण डुडसी में मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ गणेश वंदना से हुआ। स्वयंसेविकाओं ने प्रार्थना कुल में प्रभु जन्म दिया तो करवाई। राजेन्द्र सिंह भँवरानी ने सहगीत आओ जरा से बैठकर...! गाया। अमर सिंह ऊण ने नववर्ष संदेश का पठन किया। प्रांत प्रमुख खुमान सिंह दुदिया ने कहा कि हमें संघ से जुडकर शाखा व शिविरों में अपने बालक- बालिकाओं को भेजकर सामूहिक संस्कारमयी कर्म प्रणाली द्वारा सतोगुणीय वृत्तियों का विकास करना चाहिए। पूज्य तनसिंह ने संघ की स्थापना कर समाज को नई दिशा प्रदान की है जिस पर चलकर ही संसार को दिशा प्रदान की जा सकती है। दीप सिंह डुडसी, राजेन्द्र सिंह आकोली, भैरू सिंह डुडसी, गोविन्द सिंह रटूंजा, रूप सिंह राठौड नारणावास ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन अमर सिंह चाँदणा ने किया। कार्यक्रम में मदन सिंह थुंबा, डुडसी, मूल सिंह पांचोटा, जगतावर सिंह चांदणा, श्रवण सिंह डुडसी, झुंझार सिंह डुडसी, अभय सिंह डुडसी, पूरण सिंह डुडसी, देवी सिंह ऊखरडा, बाबुसिंह डुडसी, हरी सिंह डुडसी, मोहन सिंह डुडसी, सुरेन्द्र सिंह सवणा, ऊम सिंह डुडसी सहित स्वयंसेवक व सेविकाएँ एवं समाज बंधू उपस्थित थे।

## दिनेश जीनगर अध्यक्ष बने

**भीनमाल**, (निसं)। राजस्थान शिक्षक संघ अम्बेडकर ब्लॉक की स्थानीय शाखा की बैठक नेहरू गार्डन में जिला अध्यक्ष हीरालाल रेड्डी की अध्यक्षता में आयोजित की गई। जिसमें ब्लॉक अध्यक्ष दिनेश जीनगर, महासचिव रणजीत नट, उपाध्यक्ष नवाराम सरगरा, प्रचार मंत्री टीकमाराम चौहान, संरक्षक दिनेश बालोत व प्रवक्ता रमेश रांगी को निर्विरोध निर्वाचित किया गया।

बैठक में जिला अध्यक्ष हीरालाल रेड्डी, दिनेश बालोत, उकचंद सिंघल, फूलाराम रोहिण, प्रवीणकुमार, टीकमाराम, शांतिलाल परमार, सुरेशकुमार, भरतकुमार, तलसाराम सोलंकी, खेताराम, जिला महासचिव मोहनलाल राणा ने पदाधिकारियों को पद व गोपनीयता शपथ दिलाई गयी। जिलाध्यक्ष हीराराम रेड्डी द्वारा नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया। नव मनोनित सदस्यों ने सभी का आभार प्रकट किया।

## बैठक मंगलवार को

**बाड़मेर**, (नि.सं.)। जिला उपभोक्ता संरक्षण परिषद, जिला स्तरीय खाद्य सुरक्षा एवं सतर्कता समिति की बैठक जिला कलैक्टर टीना डाबी की अध्यक्षता में 24 दिसंबर को दोपहर 3 बजे बाड़मेर कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की जाएगी। इस संबंध में जिला रसद अधिकारी कंवराराम ने जानकारी दी।

# पाली में 30 फैक्ट्री की कंसेंट टू ऑपरेट निरस्त

**पाली**, (नि.सं.)। पाली में शनिवार को प्रदूषण नियंत्रण मंडल ने कार्रवाई करते हुए 30 फैक्ट्रियों के लाइट करने काटने और फैक्ट्री संचालित करने की सहमति निरस्त करने की कार्रवाई की है।

मामले में प्रदूषण नियंत्रण मंडल के आरओ राहुल शर्मा ने बताया कि जांच में कई फैक्ट्रियों में लामेला बंद मिला। तो किसी के सैंपल पीएच, टीएसएस लेवल ज्यादा होने से फैल पाए गए। तो कुछ फैक्ट्री से अनट्रीट पानी सीधे नदी में छोड़ते हुए पाया गया। इस पर नियमानुसार 30 फैक्ट्रियों के लाइट कनेक्शन काटने और उनकी संचालन सहमति निरस्त करने के आदेश जारी किए गए है। नियमों की अवहेलना करने वाले इकाई मालिकों के खिलाफ आगे भी इसी तरह कार्रवाई जारी रहेगी ताकि प्रदूषण को रोका जा सके। जिन फैक्ट्रियों के लाइट करने काटने और संचालन सहमति निरस्त करने की कार्रवाई प्रदूषण नियंत्रण मंडल की ओर से की गई। उनमें कई बड़े उद्यिमयों की फैक्ट्रियां भी शामिल है। प्रदूषण मंडल की यह कार्रवाई शनिवार को शहर में चर्चा का विषय बनी रही।

गुलेच्छा प्रिटिंग वर्क्स, ख्वाजा डाईंग कम्पनी, सोनू डाइंग एण्ड प्रिंटिंग वर्क्स, विजय आनंद टेक्सटाइल्स, मनोज टेक्सटाइल्स, एसएस एंटरप्राइजेज सागर डाइंग, जेके प्रोसेस, पुराना नाम जेके डाइंग, चंद्रप्रभु कॉर्पोरेशन, पुराना नाम ऋषभ डाइंग इंडस्ट्रीज, बांके बिहारी प्रोसेस प्राइवेट लिमिटेड, धनवर्षा डाइंग एम कोठारी डाइंग इंडस्ट्रीज, एमजी टेक्सटाइल्स, कोठारी एप्रेल्स, नवीन मेहता, प्रांजुल फैशन प्राइवेट लिमिटेड, पुराना नाम मोक्ष रिलाइबल, राजकमल फेक्ट फिनिशिंग, जेम टेक्सटाइल्स मिल्स, आरबी प्रोसेस, श्री प्रिंट फस्ट व सैकंड यूनिट, गंधार गौतम फेब टेक्स् प्राइवेट लिमिटेड, सूरजकिरण फेब्रिक्स, बालाजी प्रोसेस यूनिट सैकंड पुराना नाम सुदर्शन ब्लीचिंग, आजमी डाइंग एंड प्रिंटिंग मिल्स, विकास फेब टेक्स, कुसुम टेक्सटाइल्स, रूपाली हैंड प्रोसेस, बालाजी प्रोसेस एमए फिनिशिंग, श्रीकांत प्रोसेस प्राइवेट लिमिटेड, मोहित इंडस्ट्रीज, माइक्रो टेक्स, श्री मेवाड़ फिनिशिंग मिल्स के खिलाफ कार्रवाई की गई।

## शिविर 31 जनवरी तक

**बालोतरा**, (नि.सं.)। जिला कार्यक्रम अधिकारी विजय सिंह ने बताया कि जिला कलक्टर श्री सुशील कुमार यादव के निर्देशन में 15 दिसम्बर 2024 से 31 जनवरी 2025 तक जिले में सीएचसी, पीएचसी पर एक दिवसीय मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य शिविरो का आयोजन किया जा रहा है। सीएमएचओ डॉ. वांकाराम चौधरी ने बताया कि शिविरों का मुख्य उद्देश्य नागरिकों के द्वार तक चिकित्सा सेवाएं प्रदान करना है, जिससे की बीमारियों की रूग्णता दर व उनसे होने वाली जटिलताओ को रोका जा सके। जिले में सप्ताह में तीन दिवस मंगलवार, बुधवार तथा शुक्रवार को शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। शिविरों में सभी प्रकार के (संचारी एवं गैर संचारी) रोगो की जांच कर उचित उपचार प्रदान किया जायेगा। यदि जांच के पश्चात शल्य चिकित्सा की आवश्यकता महसूस की जाएगी तो आवश्यकतानुसार मरीज का उपचार चिकित्सा संस्थान में रेफर कर सर्जरी एवं आवश्यक उपचार कया जाएगा।

# चामुंडा गार्डन में सिलावट समाज की प्रतिभाओं का सम्मान किया

**जालोर**, (कासं)। सिलावट समाज सभा भवन सेवा समिति व गजदर परिवार जालोर की ओर से सिलावट समाज का प्रतिभा सम्मान समारोह रविवार को चामुंडा गार्डन में हुआ।





जालोर में सिलावट समाज सभा भवन सेवा समिति का प्रतिभा सम्मान समारोह हुआ। फोटो-राष्ट्रदूत

समारोह का आगाज मौलाना सलीम मस्तफाई ने कुरान की तिलावत से किया। सेवा समिति के अध्यक्ष जाकिर हुसैन व आयोजक हबीब रहमान ने बताया कि सिलावट समाज सभा भवन सेवा समिति की ओर से प्रथम प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित किया गया। जिसमें सिलावट समाज के दसवीं व 12वीं उर्तीण छात्र-छात्राओं का सम्मान किया गया। साथ ही कलाम पाक आमीन करने वाले बच्चों का भी सम्मान कर हौसला अफजाई की गई। समारोह में अतिथि के रूप मे समाज के वयोवृद्ध सेवानिवृत्त तहसीलदार लियाकत अली शेख, सेवानिवृत्त व्याख्याता आबाद अली, सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक शाकीर अली,रमजान खान, भूरे खांजी,जलाल खान,भंवरू खांन, सफी खान व सिलावट समाज के पेश इमाम मौलाना सलीम मुस्तफाई उपस्थित थे। समारोह को सम्बोधित करते हुए लियाकत अली शेख ने कहा कि दीनी व दुनिया तालीम से ही समाज की तरक्की होती है । इसलिए अपने बच्चों को अधिकाधिक शिक्षित करें। उन्होंने ने कहा कि पहले की तुलना में वर्तमान मे शिक्षा के संसाधनों की कमी नही हैं। उन्होंने समाज के लोगों से आव्हान किया कि चाहे कोई मजबुरी हो , लेकिन अपने बच्चों को शिक्षित जरूर करे। वहीं आबाद अली ने कहा कि शिक्षा के साथ संस्कार का होना भी जरूरी है। बिना संस्कार के शिक्षा व्यर्थ है। उन्होंने प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजन कमेटी की प्रशंसा की । समारोह का संचालन कर रहे सीनियर नर्सिंग आफिसर शहजाद खान ने समाज को संगङ्गित होने के साथ अपने बच्चों शिक्षित करने की बात कही। समारोह में दसवीं के नौ व बारहवीं के आङ्ग समाज के प्रतिभाशाली बच्चों का साफा, माला व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। वही कुरान मजीद आमीन करने वाले दस बच्चों को भी सम्मानित किया। समाज के पेश इमाम मौलाना सलीम मुस्तफाई का भी साफा व माला पहनाकर अभिनंदन किया। वही 2024 में रेहान खान , हयात खान को बेस्ट स्टूडेंट का अवॉर्ड से नवाजा गया । कार्यक्रम के अंत में स्नेह भोज का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर लियाकत अली, लाडेखान , रहमान खान, पूर्व पार्षद अयूब शेख, सलीम जावेद, सिराजुद्दीन खान, रूबाब खान, मुफ्ती मोहमद्द, मोहम्मद रफीक, रफीक खान, तालिब हुसैन, जाहिद हुसैन, मजीद खान,मोहसिन अली, अल्ताफ हुसैन, निकू, सोहेल, मुश्ताक खान, असलम शेख , मोहमद इफ्तिखार, इरफान खान सहित समाज के लोग मौजूद थे।

## कार्यालय नगर परिषद जालोर (राजस्थान)

( अस्पताल चौराहा, जोधपुर रोड, जालोर -343001 )

Tel. (02973) 222270 E-mail : mbjalore24@yahoo.in

क्रमांकःनपजा/राजस्व/आपत्ति विज्ञप्ति/2024/5411 दिनांक : 20/12/2024

**।। आपत्ति विज्ञप्ति ।।**

श्री मयंक राजपुरोहित पुत्र श्री सुदर्शन राजपुरोहित , जाति- राजपुरोहित , निवासी - मानपुरा कॉलोनी जालोर ने एक भुखण्ड /मकान के नामांतरण एवं उपविभाजन प्रमाणपत्र हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है । उक्त भुखण्ड जालोर की आवासीय आबादी भूमि लघु उधोग कॉलोनी, भगतसिंह स्टेडियम जालोर के आवासीय भूखण्ड का पट्टा नगरपालिका जालोर द्वारा पट्टा क्रमांक बाद क्रंम संख्या 56/63-64, रजिस्टर संख्या 03, दिनांक 05 नवम्बर 1964 को श्री केवलचन्द पुत्र पुनमचन्दजी, जाति - सोनी, निवासी जालोर के नाम से जारी किया गया है , जिसका कुल क्षेत्रफल 15000.00 वर्गफीट अर्थात् 1666.66 वर्गगज है श्री केवलचन्द पुत्र श्री पुनमचन्द जाति सोनी निवासी जालोर द्वारा श्री हरीसिंह पुत्र अमरसिंह जाति -पुरोहित निवासी सांथु जिला जालोर को जरियें रजिस्ट्री दिनांक 31.03.2000 को बेचान किया गया तथा बाद हरीसिंह पुत्र अमरसिंह जाति - पुरोहित निवासी सांथु जिला जालोर द्वारा श्री मयंक राजपुरोहित पुत्र श्री सुदर्शन राजपुरोहित जाति -राजपुरोहित निवासी मानपुरा कॉलोनी जालोर के जरियें रजिस्ट्री दिनांक 17.05.2023 को बेचान किया गया । जिस मे से प्लॉट संख्या 11/B का प्रार्थी श्री मयंक राजपुरोहित पुत्र श्री सुदर्शन राजपुरोहित जाति- राजपुरोहित, निवासी - मानपुरा कॉलोनी, जालोर द्वारा अपने नाम के उक्त भूखण्ड हिस्सा साईज 3250.00 वर्गफीट अर्थात् 361.11वर्गगज का नांमातरण एवं उपविभाजन अपने नाम से चाहा गया है ।

**उक्त प्लॉट के पडौस एव चतुर्सीमा निम्न प्रकार है ।**

उत्तर :- पुखराज एवं हरीसिंह का शेष हिस्सा, यह भूजा 100 फीट है ।

दक्षिण :- पुखराज का शेष हिस्सा, यह भुजा 100 फीट है ।

पूर्व :- आवासीय प्लॉट संख्या 12, यह भूजा 32.50 फीट है ।

पश्चिम :-रास्ता व निकाल, यह भुजा 32.50 फीट है ।

अतः सर्वसाधारण को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि इस संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो उक्त सूचना के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस की अवधि में अपनी लिखित आपत्ति मय दस्तावेज साक्ष्य सहित निम्न हस्ताक्षकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्रस्तुत आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी और नियमानुसार नामांनतरण एवं उपविभाजन प्रमाणपत्र जारी कर दिया जावेगा ।

अवगत रहें।

आयुक्त,
नगर परिषद, जालोर